Roll No. ....................

# 1217

## कक्षा 12वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[110]

# HISTORY

# इतिहास

(Hindi & English Version)

[Total No. of Questions: 23]
[Time: 03 Hours]

[Total No. of Printed Pages: 08]
[Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(i)* सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

*(ii)* प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें प्रश्न क्रमांक 01 में सही विकल्प 06 अंक, प्रश्न क्रमांक 02 में रिक्त स्थान 06 अंक, प्रश्न क्रमांक 03 में सत्य/असत्य 06 अंक, प्रश्न क्रमांक 04 में सही जोड़ी 07 अंक, प्रश्न क्रमांक 05 में एक वाक्य में उत्तर 07 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है। कुल 1X32=32 अंक हैं।

*(iii)* प्रश्न क्रमांक 06 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

*(iv)* प्रश्न क्रमांक 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है।

*(v)* प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।

*(vi)* प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।

*(vii)* प्रश्न क्रमांक 23 के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित कीजिए। इस प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं।

***Instructions -***

***(i)*** ***All questions are compulsory.***

***(ii)*** ***Question No. 01 to 05 are 32 objective type questions. In which Q. No. 01 Choose correct option carries 06 marks. Q. No. 02 Fill in the blanks, carries 06 marks. Q. No. 03 True / False carries 06 marks. Q. No. 04 correct match carries 07 marks. Q. No. 05 one sentence carries 07 marks. Each objective type question is allotted 01 mark. Total 1×32=32 marks.***

***(iii)*** ***Internal options are given in question No. 06 to 23.***

***(iv)*** ***Question No. 06 to 15 carry 2 marks each and answer should be written in about 30 words each.***

***(v)*** ***Question No. 16 to 19 carry 3 marks each and answer should be written in about 75 words each.***

***(vi)*** ***Question No. 20 to 22 carry 4 marks each and answer should be written in about 120 words each.***

***(vii)*** ***Question No. 23 should be answered in the given map. The question carries 4 marks.***

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×6=6)

(i) हड़प्पा सभ्यता में ताँबा संभवतः इस स्थल से लाया जाता था और मेसोपोटामिया के लेख में इस स्थल के लिए प्रयुक्त शब्द 'मगान' है –
(अ) बहरीन
(ब) ओमान
(स) इराक
(द) अफगानिस्तान

(ii) अमर नायक निम्नलिखित में से कौनसा कार्य नहीं करते थे?
(अ) वे शासकों को एक प्रभावी सैनिक शक्ति प्रदान करते थे।
(ब) वे किसानों, शिल्पकर्मियों और व्यापारियों से कर वसूल करते थे।
(स) वे व्यापार संबंधी नीतियाँ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाते थे।
(द) वे अपने क्षेत्र में मन्दिरों तथा सिंचाई के साधनों के रख रखाव हेतु धन खर्च करते थे।

(iii) 'द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोलॉजी' के लेखक हैं –
(अ) आर. ई. एम. व्हीलर
(ब) सर जॉन मार्शल
(स) अलेक्ज़ेंडर कनिंघम
(द) एस.एन. राव

(iv) संथालों की भूमि घोषित किया गया क्षेत्र था –
(अ) बर्दवान
(ब) मिदनापुर
(स) कलकत्ता
(द) दामिन–इ–कोह

(v) 'जिंस–ए–कामिल' का अर्थ है –
(अ) रबी फसलें
(ब) खरीफ फसलें
(स) संग्रहित फसलें
(द) सर्वोत्तम फसलें

(vi) सेट्ठी आमतौर पर होते थे –
(अ) कृषक
(ब) सैनिक
(स) धनी व्यापारी
(द) शिल्पकार

Choose the correct option -

(i) In Harappan civilisation, copper was probably brought from this site and the word mentioned for this site in Mesopotamian text is 'Magan' -
  (a) Bahrain
  (b) Oman
  (c) Iraq
  (d) Afghanistan

(ii) Which work was not performed by the Amarnayakas from the following?
  (a) They provided a powerful army to the rulers.
  (b) They collected tax from the peasants, artisans and traders.
  (c) They played an active role in formulating the trade policies of the empire.
  (d) They used to spend money on the maintenance of temples and irrigation works in their area.

(iii) Writer of 'the story of Indian Archaeology' -
  (a) R.E.M. Wheeler
  (b) Sir John Marshall
  (c) Alexander Cunningham
  (d) S.N. Roy

(iv) The area was declared as the land of Santhals -
  (a) Burdwan
  (b) Midnapur
  (c) Calcutta
  (d) Damin-i-Koh

(v) The meaning of the term 'Jins-I-Kamil' -
  (a) Rabi crops
  (b) Kharif crops
  (c) Stored crops
  (d) Perfect crops

(vi) Usually 'Setthis' were -
  (a) Farmers
  (b) Soldiers
  (c) Rich merchants
  (d) Craftsmen

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1X6=6)

(i) शासकों की प्रतिमा और नाम के सिक्के सर्वप्रथम ..........................राजाओं ने जारी किए थे।

(ii) अशोक ने धम्म का संदेश फैलाने के लिए ................................................ नामक विशेष अधिकारियों को नियुक्त किया था।

(iii) ................................. के अनुसार माता–पिता की मृत्यु के बाद पैतृक संपत्ति को बेटों के बीच समान रूप से विभाजित किया जाता था।

(iv) संस्कृत ग्रंथों में 'कुल' शब्द का प्रयोग .................................. के लिए किया जाता था।

(v) कम्पनी काल में अक्सर शक्तिशाली जमींदारों के लिए ...................................... शब्द का प्रयोग किया जाता था।

(vi) 'ट्रेवल्स इन द मुगल एंपायर' .................................................................. की रचना है।

Fill in the blanks -

(i) Coins bearing the images and names of rulers were first issued by the Kings of the .............................. dynasty

(ii) Ashoka appointed special officers called ........................... to spread the message of Dhamma.

(iii) According to ........................... ancestral property was to be divided equally among sons after the death of parents.

(iv) In Sanskrit texts, the word 'Kula' is used for ............................

(v) During the company period, the word ........................ was often used for powerful landlords.

(vi) 'Travels in the Mughal Empire' is composed by ...................... .

प्र.3 सत्य / असत्य लिखिए – (1X6=6)

(i) बौद्ध मत में चिन्तन की नई परम्परा को 'महायान' कहा गया।

(ii) उपनिषदों के विचार केवल अध्यात्म पर केन्द्रित हैं।

(iii) 'वणिक' शब्द का प्रयोग व्यापारी के लिए किया गया था।

(iv) प्रत्येक गोत्र का नाम एक वैदिक ऋषि के नाम पर होता था।

(v) अवध को बंगाल आर्मी की पौधशाला कहा जाता था।

(vi) खुद–काश्त दूसरे गाँवों से ठेके पर खेती करने आते थे।

Write True / False -

(i) In Buddhism, the new way of thinking was called 'Mahayana'.

(ii) Ideas of Upanishads focused only on spirituality.

(iii) The term 'Vanik' was used for the businessman.

(iv) Each 'gotra' was named after a Vedic seer.

(v) Awadh was called the "nursery of the Bengal Army".

(vi) 'Khud-Kashta' came from other villages to cultivate lands on contract.

प्र.4 सही जोड़ी बनाइए – (1×7=7)

| स्तंभ 'क' | | स्तंभ 'ख' | |
|---|---|---|---|
| (i) | बुकानन | (अ) | साहूकार |
| (ii) | बासवन्ना | (ब) | फ़ारसी राजदूत |
| (iii) | दिकू | (स) | इतालवी चिकित्सक |
| (iv) | अंडाल | (द) | नयनार संत |
| (v) | अब्दुर रज्ज़ाक | (य) | अंग्रेज़ चिकित्सक |
| (vi) | अप्पार | (र) | अलवार संत |
| (vii) | मनूकी | (ल) | वीरशैव परंपरा |

Match the correct pairs -

| Column 'I' | | Column 'II' | |
|---|---|---|---|
| (i) | Buchanan | (a) | Money lender |
| (ii) | Basawanna | (b) | Persian ambassador |
| (iii) | Dikku | (c) | Italian doctor |
| (iv) | Andal | (d) | Nayanar saint |
| (v) | Abdur Razzaq | (e) | British Medical officer |
| (vi) | Appar | (f) | Alvar saint |
| (vii) | Manucci | (g) | Virashaiva tradition |

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए – (1×7=7)

(i) समकालीन बौद्ध ग्रंथों में कितने संप्रदायों का उल्लेख है?
(ii) 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था?
(iii) बर्नियर ने अपनी कृति किस शासक को समर्पित की?
(iv) 'धर्मसूत्र' किस भाषा में लिखे गए?
(v) राक्षसी–तांगड़ी के युद्ध में विजयनगर की सेनाओं का नेतृत्व किसने किया?
(vi) 'आइन–ए–अकबरी' की रचना किसने की?
(vii) 'रिलीफ ऑफ लखनऊ' नामक चित्र किसने बनाया?

Write the answers in a sentence -

(i) How many sects are mentioned in contemporary Buddhist texts?
(ii) What was the immediate cause of the Revolt of 1857?
(iii) To which ruler did Bernier dedicate his work?
(iv) In which language were Dharmasutras written?
(v) Who led the Vijayanagara forces in the battle of 'Rakshasi-Tangadi'?
(vi) Who wrote 'Ain-i-Akbari'?
(vii) Who painted 'Relief of Lucknow'?

प्र.6 इस्तमरारी बंदोबस्त लागू करने के पीछे अंग्रेज़ों के क्या उद्देश्य थे? (2)
What were the objectives of the British behind implementing the Permanent settlement?

अथवा/OR

पाँचवी रिपोर्ट तैयार करने के क्या उद्देश्य थे?
What were the objectives of preparing the Fifth Report?

प्र.7 1857 के पूर्व कम्पनी शासन के विरुद्ध हुए किन्हीं दो विद्रोह के नाम बताइए। (2)
Name any two rebellions against the Company Rule before 1857.

अथवा/OR

1857 विद्रोह में सक्रीय भूमिका निभाने वाले दो स्थानीय नेताओं के नाम बताइए।
Name two local leaders who played an active role in the Revolt of 1857.

प्र.8 जेम्स फर्गुसन किस प्रकार साँची को समझने में भूल कर गए? (2)
How James Fergusson made a mistake in understanding Sanchi?

अथवा/OR

'त्रिपिटक' क्या है? ये संख्या में कितने हैं?
What is 'Tipitaka'? How many are these in number?

प्र.9 'आइन–ए–अकबरी' के अनुसार भूमि का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया था? (2)
How was the land classified according to 'Ain-i-Akbari'?

अथवा/OR

मुगल काल में लगान वसूली के कौनसे तरीके प्रचलन में थे?
Which methods of revenue collection were in vogue during the Mughal period?

प्र.10 बुद्ध के संदेश भारत के बाहर किन देशों में फैले? (2)
To which countries outside India did Buddha's teachings spread?

अथवा/OR

बुद्ध के अनुसार निब्बान का क्या अर्थ है?
What is the meaning of 'nibbana' according to Buddha?

प्र.11 हड़प्पा सभ्यता में अवतल–चक्कियों का क्या महत्त्व था? (2)
What was the significance of Saddle querns in Harappan Civilisation?

अथवा/OR

ग्रिड पद्धति से क्या आशय है?
What is meant by grid system?

प्र.12 'नलयिरा दिव्यप्रबंधम' ग्रंथ का भक्ति साहित्य में क्या महत्त्व है? (2)
What is the importance of 'Nalayira Divyaprabandham' in devotional literature?

अथवा/OR

'तेवारम' ग्रंथ का भक्ति साहित्य में क्या महत्त्व है?
What is the importance of 'Tevaram' text in devotional literature?

प्र.13 गोपुरम से क्या आशय है? (2)
What is meant by 'Gopuram'?

अथवा / OR

कुदिरई चेट्टी कौन थे?

Who were 'Kudirai Chettis'?

प्र.14 इब्न बतूता के दासियों के संबंध में कोई दो विचार लिखिए। (2)

Write any two views of Ibn Battuta related to female slaves.

अथवा / OR

बर्नियर का शिविर नगर से क्या अभिप्राय है?

What does Bernier mean by "Camp towns"?

प्र.15 'आहत' सिक्कों से आप क्या समझते हैं? (2)

What do you understand by 'Punch-marked' coins?

अथवा / OR

'संगम' ग्रंथ से आप क्या समझते हैं?

What do you understand by the 'Sangam' texts?

प्र.16 हड़प्पावासियों के जीवन निर्वाह के तरीकों का वर्णन कीजिए। (3)

Describe the subsistence strategies of the Harappans.

अथवा / OR

मोहनजोदड़ो के गृह स्थापत्य की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

Explain the features of domestic architecture of Mohenjodaro.

प्र.17 महाभारत कालीन समाज में विवाह से संबंधित कोई तीन नियम लिखिए। (3)

Write any three rules related to marriage in the society of Mahabharata period.

अथवा / OR

क्या महाभारत कालीन समाज में स्त्री एवं पुरुष संपत्ति पर समान अधिकार रखते थे? अपने उत्तर के पक्ष में उदाहरण लिखिए।

Did men and women during the Mahabharata period have equal rights over property? Give examples in support of your answer.

प्र.18 "हड़प्पा सभ्यता में जल निकास प्रणाली नगर नियोजन का संकेत देती है।" उदाहरण के साथ कथन की व्याख्या कीजिए। (3)

"The drainage system in Harappan Civilization indicates town planning." Explain the statement with example.

अथवा / OR

"हड़प्पाई लिपि को एक रहस्यमय लिपि माना जाता है।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए।

"Harappan script is considered as an enigmatic script." Justify the statement with suitable arguments.

प्र.19 अवध के संबंध मे लॉर्ड डलहौजी की नीति का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए। (3)

Critically describe the policy of Lord Dalhousie related to Awadh.

**अथवा / OR**

लॉर्ड वेलेजली द्वारा तैयार की गई 'सहायक संधि प्रणाली' के मुख्य प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

Describe the main provision of 'Subsidiary Alliance System' as devised by Lord Wellesley.

प्र.20 विजयनगर के "धार्मिक केन्द्र" में मंदिर निर्माण के महत्त्व का वर्णन कीजिए। (4)

Describe the significance of temple building in the "sacred centre" of Vijayanagara.

**अथवा / OR**

विजयनगर शहर के "राजकीय केन्द्र" की इमारतों ने विजयनगर साम्राज्य की प्रतिष्ठा बढ़ाने में किस प्रकार मदद की? विश्लेषण कीजिए।

How the buildings of the "Royal Centre" of Vijayanagara city helped in increasing the prestige of Vijayanagara Kingdom.

प्र.21 आधुनिक इतिहासकार मगध के सबसे शक्तिशाली महाजनपद के रूप में विकास की व्याख्या किस प्रकार करते हैं? वर्णन कीजिए। (4)

How do modern historians explain the development of Magadha as the most powerful Mahajanapada? Describe.

**अथवा / OR**

मुद्राशास्त्र ने इतिहासकारों को विभिन्न राजवंशों के अतीत का पुनर्निर्माण करने में किस प्रकार मदद की? वर्णन कीजिए।

How numismatics has helped the historians to reconstruct the past of the various Kingdoms? Describe.

प्र.22 कबीर ने अपनी कविताओं के माध्यम से परम सत्य का वर्णन किस प्रकार किया है? व्याख्या कीजिए। (4)

How did Kabir describe the ultimate reality through his poems? Explain.

**अथवा / OR**

भक्ति आंदोलन में मीराबाई के योगदान का वर्णन कीजिए।

Describe the contribution of 'Mirabai' in the Bhakti Movement.

प्र.23 निम्नलिखित को दिए गए मानचित्र पर प्रदर्शित कीजिए – (4)

(i) इन्द्रप्रस्थ (ii) अवध (iii) लोथल (iv) कलिंग

Mark the following on the given map –

(i) Indraprastha (ii) Awadh (iii) Lothal (iv) Kalinga

**अथवा / OR**

निम्नलिखित को दिए गए मानचित्र पर प्रदर्शित कीजिए –

(i) लखनऊ (ii) नागेश्वर (iii) विजयनगर (iv) पाटलिपुत्र

Mark the following on the given map –

(i) Lucknow (ii) Nageshwar (iii) Vijayanagara (iv) Patliputra

---